तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 18 जून 2025

12 आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



12 समाजसेवी संस्थाओं का योगदान रहा सराहनीय




## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमला करने पर दस के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** बधाना में रंजिशन हमला कर युवक को घायल करने पर अलेवा थाना पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बधाना निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेत में जा रहा था। रास्ते में काशु तथा उसके साथी डीजे पर नाच रहे थे। जब वह उनके नजदीक से निकला तो आरोपितों ने किलकारी मारनी शुरू कर दी थी।

### युवक की हत्या के मामले में नाबालिग निरुध

**कैथल।** थेह मुकेरिया में युवक की हत्या करने के मामले की जांच थाना गुहला एसएचओ एस आई विजेंद्र सिंह की अगुवाई में पीएसआई रोहित कुमार की टीम द्वारा करते एक 17 वर्षीय किशोर को निरुध किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की थेह मुकेरिया निवासी अशोक की शिकायत अनुसार केस दर्ज किया था।

### रंजिशन हमला करने पर पांच के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव धमतान साहिब में रंजिशन हमला कर बाप व बेटे को घायल करने पर गढ़ी थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव धमतान साहिब निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह हरियाणा पुलिस में कार्यरत है। उनका जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। वह पांच दिन की छुट्टी लेकर घर आया है।

### एटीएम बदलकर खाते से राशि निकाली, केस

**कैथल।** कस्बा पूंडरी से ठग युवक का एटीएम बदलकर अज्ञात व्यक्ति 105000 की राशि निकलवा कर फरार हो गए। धनोरी के आकाश में पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है। पूंडरी में काम करता है। 14 को पैसे निकलवाने के लिए आया था। पीछे एक लड़का और एक महिला आई जिन्होंने अपने मुंह कपड़े से बांधे थे।

### नर्स के कमरे से जेवरात और अन्य सामान चोरी

**जींद।** गांव उझाना में किराये पर रह रही नर्स के कमरे का ताला तोड़ कर बीती रात चोरों ने सोना, चांदी के जेवरात, एलईडी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव नारायणगढ़ निवासी स्टाफ नर्स संतोष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उझाना में डयूटीरत है।

### गांव मानस में मारपीट में एक युवक घायल

**कैथल।** कैथल के गांव मानस में दो युवकों ने अपनी मां के साथ मिलकर एक युवक पर ईंटों व थप्पड़-मुक्कों से हमला कर दिया। सिर में ईंट लगने के कारण युवक बेहोश हो गया। विवाद साझे प्लॉट की रजिस्ट्री करवाने को लेकर हुआ है। इस संबंध में युवक ने सदर थाना में शिकायत दी है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### बेटे सहित महिला संदिग्ध हालात में लापता, केस दर्ज

**जींद।** गांव सुरजाखेड़ा से बेटे के लिए दवाई लेने निकली महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर गढ़ी थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सुरजाखेडा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी पति से तकरार के चलते बेटे के साथ कुछ माह से उसके पास रह रही है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को

**कैथल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष मैहला की देखरेख में 12 जुलाई को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

## जिले में औसतन 9.25 एमएम बारिश, नरवाना में 18 एमएम, बरसात से लुढ़का तापमान, मौसम सुहाना

# बरसात ने गर्मी से दिलाई राहत, फसलों के लिए फायदेमंद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

पश्चिमी विक्षोभ के चलते जिले में मगंलवार अलसुबह हुई बारिश ने गर्मी तथा उमस से राहत दी। फसलों को भी फायदा पहुचा है। दिनभर मौसम सुहाना बना रहा और आकाश में बादलों को जमावड़ा भी लगा रहा। जिसके चलते बारिश के आसार बने रहे। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। जिले में औसतन रूप से 9.25 एमएम बारिश दर्ज की गई। नरवाना में 18 एमएम सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 76 प्रतिशत तथा हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आगे भी बारिश के आसार बने हैं। बादल छाए रहेंगे। तापमान मे भी गिरावट आएगी। पिछले तीन दिनों से मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। सोमवार को दिनभर आकाश मे बादल छाए रहे तो हल्की बूंदांबांदी भी हुई। रात को बादल गहरे हो गए और मंगलवार अलसुबह बारिश शुरू हो गई। जिले में औसतन 9.25 एमएम बारिश दर्ज की गई। नरवाना में 18 एमएम, जींद में 9.8 एमएम, जुलाना में दस एमएम, उचाना में 15 एमएम, पिल्लूखेड़ा में नौ एमएम, अलेवा में दो तो सफीदों में एक एमएम बारिश दर्ज की गई। दिनभर आकाश में बादल छाए रहे और बारिश के आसार बने रहे। मौसम भी सुहाना बना रहा।

## धान रोपाई का अच्छा समय, किसान खेतों को तैयार करने मे जुटे




**जींद।** पुरानी सब्जी मंडी के निकट जमा बरसाती पानी। *फोटो :हरिभूमि*



**जींद।** बरसाती पानी से धान की पनीरी में आई जान। *फोटो :हरिभूमि*

### तैयारी मे जुटे किसान

*बारिश ने गर्मी से राहत दिलाने को काम तो किया है। साथ बारिश से फसलों को भी फायदा पहुंचा है। गर्मी के कारण सब्जियों का उत्पादन कम हो गया था। बारिश ने उन्हें काफी राहत दी है। बारिश के साथ किसान धान रोपाई के लिए खेतों का तैयार करने जुट गए हैं। किसानों को कहना है कि अच्छी बारिश के आसार बन रहे हैं। बारिश ने पानी की कमी को भी पूरा कर दिया है। मौसम भी अनुकूल बना हुआ है। धान रोपाई के लिए अच्छा समय है। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि आगे बारिश के आसार बने हुए हैं। फसल बिजाई का अच्छा समय है। बारिश से फसलों व सब्जियों को फायदा पहुंचा है। तापमान भी अनुकूल हो गया है। आगे भी बारिश के आसार बने हुए हैं।*



**सीवन।** क्षेत्र में धान की रोपाई करती महिलाएं। *फोटो :हरिभूमि*

### बरसात के साथ धान की रोपाई प्रारंभ

**सीवन।** मंगलवार सुबह से हो रही हलकी बरसात ने क्षेत्र का मौसम सुहाना बना दिया है। लंबे समय से झेल रहे भीषण गर्मी के बाद बारिश लोगों के लिए राहत की फुहार बनकर आई है। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और रुक-रुक कर फुहारें गिरती रहीं, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम खुशनुमा हो गया। लगातार पड़ रही गर्मी ने आम जनजीवन को प्रभावित कर रखा था। दोपहर के समय तेज धूप और गर्म हवाओं से लोग बेहाल थे, लेकिन मंगलवार को हुई बारिश ने मौसम को राहतभरा बना दिया। तापमान में आई गिरावट के चलते लोग घरों से बाहर निकलते दिखे और कई जगहों पर बच्चों ने बारिश का आनंद भी उठाया। बारिश का यह दौर केवल आम जनजीवन के लिए ही नहीं, बल्कि किसानों के लिए भी खुशखबरी लेकर आया है। क्षेत्र में धान क रोपाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है, और बारिश की शुरुआत ने इस कार्य में गति देने का कार्य किया है। खेतों में नमी बढने से रोपाई के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं। उम्मीद है कि अगर अगले कुछ दिन ऐसे ही बारिश होती रही तो धान क रोपाई में तेजी आएगी।

### इन कॉलोनियों में रही बिजली गुल

बारिश के कारण शहर के राजनगर, श्याम नगर, संत नगर, झांझ गेट, विश्वकर्मा कॉलोनी, आशरी गेट, बुढ़ाबाबा बस्ती, सफीदों गेट, राम नगर, खेमनगर, हकीकत नगर में फ्यूज उडने और केबल जल गई। इनमें कई कॉलोनियों की बिजली तो दोपहर तक बहाल हो गई थी लेकिन राजनगर, श्याम नगर, संत नगर, झांझ गेट, विश्वकर्मा कॉलोनी में शाम तक बिजली गुल रही। इन कॉलोनियों में शाम तक बिजली सप्लाई बहाल करने का काम चलाए लेकिन फिर भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई।

## तेज बारिश से बिजली गुल कॉलोनियों में छाया अंधेरा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

जिला में मंगलवार अलसुबह आई बारिश से शहर में बिजली गुल हो गई। इससे सात-आठ कॉलोनियों में अंधेरा छा गया। बारिश के कारण फ्यूज उड़ गए वहीं केबल में पानी घुस गया। जिससे केबल जल गई और लाइनों में फाल्ट आ गए। शहर के कई क्षेत्रों में केबल जलने की घटना हुई। इससे मंगलवार शाम तक बिजली गुल रही और रात तक बिजली बहाल हो पाई। इससे शहरवासियों को काफी परेशानी हुई। मंगलवार अलसुबह अचानक बादल छा गए। इसके बाद झमाझम बारिश होने लगी। बारिश होने के कारण शहर की बिजली चली गई। वहीं दर्जनभर कॉलोनियों में बिजली के चले जाने से निगम सर्कल के पास शिकायत दर्ज करवाई गई। निगम सर्कल में बिजली संबंधित 120 शिकायतें दर्ज हुई। सबसे ज्यादा शिकायतें केबल जलने की आईं। सूचना के बाद केबल बदलने और फ्यूज लगाने का काम शुरू हुआए लेकिन कई जगह कई मीटर तक केबल जलने से शाम तक भी बदलने का काम जारी रहा। शहरवासियों के दिनचर्या के काम भी नहीं हो पाएए वहीं पेयजल सप्लाई नहीं आने के कारण लोगों को पानी के लिए इधर.उधर भटकना पड़ा। बिना बिजली से शहरवासियों के अधिकतर घरेलू कार्य नहीं हो पाए।



बिजली सप्लाई ठीक करते कर्मचारी।

### सप्लाई बहाल करवा दी

बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता एमएल सुखीजा ने बताया कि बारिश के कारण कई कॉलोनियों में पानी घुसने से बिजली की केबल जल गई थी। इसके कारण कई जगह बिजली आपूर्ति बाधित हुई। कर्मचारियों को मौके पर भेजकर नई केबल लगवाकर सप्लाई बहाल करवा दी गई थी।




**नरवाना।** शहर में जगह-जगह जमा हुआ पानी। *फोटो :हरिभूमि*



# नरवाना में झमाझम बरसात, जलभराव से लोग दुःखी

- बरसात के मौसम को देखते हुए बिजली निगम ने जारी किए आदेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना**

मंगलवार सुबह से रूक रूक कर हो रही बरसात से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली और किसानो के चेहरे पर लोटी रौनकएसुखे पड़े खेतों में भरा पानी और किसान उनके खेतों में बुवाई काम शुरू करेंगे। किसानों के लिए तो यह राहत की खबर है लेकिन सीवरेज व्यवस्था सही नहीं होने की वजह से शहर वासियों के लिए बरसात परेशानी का सबब है पूरा शहर सीवर व बरसात के पानी से जल मग्न हो गया है।दो दिन पहले ही कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी कह रहे थे कि जल्द ही इस सीवर और बरसात के पानी से शहरवासियों को छुटकारा मिल जाएगाए लेकिन एक दिन की बरसात ने इन दावों की हवा निकाल गई। इससे तो यह लगता है कि इस समस्या से छुटकारा मिलने में काफी समय लगेगा। शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनीए पूर्व मंत्री रणदीप सिंह सुरजेवालाए टेकचंद नैन की कोठियों के सामने सड़क जलमग्न हो गयी है जिससे दोपहिया वाहनों के बीच पानी में बंद हो जाने की वजह से उन बंद पड़े दोपहिया वाहनों को पैदल पैदल खींच कर ले जाना पड़ रहा है। शहर का कोई एरिया ऐसा नहीं बच्चा होगा जहां पर पानी नहीं खड़ा हो। दूसरी ओर पानी की लाइन डालने की वजह से जगह जगह सड़क तोड़ रखी है जिससे पानी भरने की वजह से ये नहीं पता चलता है कहा पर सड़क टुटी है कहा ठीक है जिससे खासकर दोपहिया वाहन तो बीच में बंद हो रहें हैं और चोट लगने का भय भी सताता है। पब्लिक हेल्थ विभाग वाले फोन नहीं उठा रहें उनके मालूम है कि शहर में खड़े पानी के बारे में पुछेंगे जिसका कोई इलाज नहीं है।

### फुल सेफ्टी के साथ लाइन पर काम करने के आदेश

मंगलवार को एक्सियन बिजली विभाग ने आदेश जारी कर लिखा कि सभी एसडीओ व जैई इनचार्ज को हिदायत दी जाती है की जैसा कि आपको पता है बारिश का समय चल रहा है और इस समय बहुत ज्यादा करंट लीकेज तार टूट के पानी में गिरने की काफी समस्याएं होती हैं इस समय हमें अपने साथ.साथ पब्लिक को किसी भी तरह की कोई क्षतिग्रस्त ना हो इस चीज का विशेष ध्यान रखना है इसके लिए आपको विशेष रूप से संयम रखते हुए और फुल सेफ्टी के साथ लाइन पर काम करना है और अपने अधीन आने वाले सभी लाइन में नेम को भी यह हृदय देनी है कि वह लाइन पर पूरी इतिहास के साथ काम करें यदि काम में विलंब होता है तो भी पहले यह सुनिश्चित कर लेने की लाइन चढ़ाने से पहले वह लाइन चालू ना हो और कहीं से बैक फिडिंग ना हो । काम करने के दौरान किसी भी तरह की कोई कोताहि या लापरवाही जिससे कि आपके साथ वाले काम करने वाले एम्पलाई या किसी बंदे का किसी भी तरह हानि हो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# 21 क्विंटल पच्चीस किलो पनीर करवाया नष्ट

- कांगथली में पनीर बनाने वाली फैक्ट्री में टीम ने की छापेमारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका**

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह की अगुवाई में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कांगथली में सिंगला ट्रेडर्स नाम की पनीर बनाने वाली फैक्ट्री पर छापेमारी की गई। निरीक्षण के दौरान टीम ने मौके पर मिले पनीर की जांच की गई तथा सैंपल लिया गया। पनीर खाने में सही नहीं मिलने पर टीम ने कार्रवाई करते 21 क्विंटल 25 किलो पनीर जब्त करके उसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि नकली पनीर खाना सेहत के लिए बहुत ही नुकसानदायक है, इससे हमारे शरीर पर बुरा असर पड़ता है। हमें सभी को हमेशा सावधानी बरतनी होगी, यदि हम कहीं से पनीर व दूध आदि ले रहे हैं तो उसके मिलावट की पहचान कर लें। यदि सही नहीं है तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन के संज्ञान में लेकर आएं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ पवन चहल ने कहा कि कांगथली में सिंगला ट्रेडर्स नाम की फैक्ट्री में दूध, घी, पनीर आदि खाद्य सामान का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा जब पनीर को खाकर देखा तो वह खाने में सही नहीं पाया गया। उन्होंने मौके पर 21 क्विंटल 25 किलो पनीर को जब्त किया गया तथा मौके पर ही उसे नष्ट किया गया। टीम द्वारा फैक्ट्री से चार सैंपल लिए गए, जिसमें एक सैंपल पनीर का, एक घी का तथा दो सैंपल दूध के लिए गए, जिनको लेबोरेटरी में जांच के लिए भेजा गया। सैंपल खाद्य सुरक्षा मानक पर सही नही पाए जाएंगे तो संबंधित फैक्ट्री के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा समय-समय पर छापेमारी की जाती है। यदि कोई व्यक्ति खाद्य सामान में मिलावट करता पाया जाता है या फिर सैंपल भेजने पर खाद्य सुरक्षा मानको पर सही नहीं उतरते तो उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाती है।



# नपा की भूमि से अवैध रूप से पेड़ों की कटाई व मिट्टी की खुदाई मामले में एसआइटी गठित

- एक सप्ताह के भीतर जांच करके अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका**

चीका नपा की भूमि से अवैध रूप से पेड़ों की कटाई और मिट्टी की खुदाई का मामला पूरी तरह से गरमा गया है, जिसके चलते उपायुक्त कैथल ने जिले के नगर आयुक्त कैथल, डीएसपी. गुहला व रेंज वन अधिकारियों को शामिल कर एसआईटी गठित कर दी है, जिसे एक सप्ताह के भीतर जांच करके अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि गांव टटियाना निवासी भाग सिंह द्वारा कुछ लोगों पर नपा की जमीन से पेड़ काटने और मिट्टी खोदने का आरोप लगाया गया था। उन्होंने बताया कि उसकी शिकायत के पश्चात नपा कार्यालय द्वारा उक्त मामले की जांच की गई, जिसमें 18 मार्च, 2025 की एक रिपोर्ट में पुष्टि की गई कि नपा की जमीन से 16 पेड़ काटे गए हैं और पट्टे पर दी गई जमीन से मिट्टी भी बेची गई है, जिससे नपा को लगभग 18 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि नपा की उक्त जमीन एक व्यक्ति को पट्टे पर दी गई थी, जिसे पूछताछ हेतु कई बार कार्यालय में बुलाया गया, लेकिन वह अपना बयान दर्ज कराने के लिए उपस्थित नहीं हुआ, जिसके बाद तत्कालीन नपा सचिव राजेश शर्मा ने उक्त सम्बन्ध में 21 मार्च 2025 को चीका पुलिस स्टेशन में औपचारिक शिकायत दर्ज करवाई थी और उसके बाद 1 अप्रैल को रिमाइंडर भी भेजा , जिसमें तत्काल कार्रवाई का अनुरोध किया गया परंतु पुलिस ने आज तक उक्त मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। इस सम्बन्ध में जब नपा चेयरपर्सन डाक्टर रेखा रानी से बात की गई, तो कहा कि जैसे ही उक्त मामला उनके संज्ञान में आया, तो उन्होंने उसी समय उक्त मामले की जांच नपा सचिव को जल्द करने के निर्देश दिए।

## निर्माण कार्य के लिए पांच करोड़ रुपये का टेंडर पास

# कैथल को मिली नई सब्जी मंडी की सौगात

- जून 2026 तक कार्य होगा पूरा, मिट्टी भराव का कार्य हो चुका

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

शहरवासियों को जल्द ही अव्यवस्थित सब्जी मंडियों की समस्या से राहत मिलने जा रही है। जींद रोड पर अतिरिक्त अनाज मंडी के निकट नई सब्जी मंडी के निर्माण के लिए पांच करोड़ रुपये से अधिक का टेंडर पारित किया गया है। इस पर कार्य भी प्रारंभ हो चुका है, जहां मिट्टी भराव का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। मार्केटिंग बोर्ड के कार्यकारी अभियंता सतपाल गोपेरा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परियोजना जून 2026 तक पूरी की जाएगी। पहले चरण में भूमि समतल करने सहित आधारभूत ढांचे का विकास होगा और बाद में अन्य संरचनात्मक कार्य किए जाएंगे। 5 करोड़ 1 लाख 72 हजार रुपये की अनुमानित लागत का टेंडर लगा है, जिसमें ठेकेदार को मिट्टी भराव सहित बुनियादी तैयारी का जिम्मा सौंपा गया है। एक्सईएन ने बताया कि यह मंडी जींद रोड पर बनाई जा रही है, जहां से शहर के अन्य भागों तक पहुंच आसान रहेगी। शहर में पहले से मौजूद दो सब्जी मंडियों में रहती है जाम की स्थिति कैथल शहर में वर्तमान में दो प्रमुख सब्जी मंडियां मौजूद हैं एक मंडी मेन बाजार में चांदनी चौक पर और दूसरी कबूतर चौक पर है लेकिन इन दोनों स्थानों पर जगह की कमी, ट्रैफिक जाम, सफाई का अभाव और असुविधाजनक स्थिति के कारण व्यापारियों और उपभोक्ताओं को काफी परेशानी होती है। विशेषकर कबूतर चौक के पास वाली मंडी में भीड़ काफी है और सफाई की समस्या से जूझती रहती है।



### नागरिकों में उत्साह

नई मंडी के बनने से भीड़-भाड़ में कमी आएगी और व्यापारियों को एक सुविधाजनक एवं व्यवस्थित स्थान मिलेगा। आमजन को भी अब सब्जी खरीदने के लिए जाम में नहीं फंसना पड़ेगा। शहरवासियों ने नई मंडी की घोषणा को सकारात्मक कदम बताया है। व्यापारी वर्ग भी इससे बेहद खुश है और उन्हें उम्मीद है कि इससे न केवल व्यापार बढ़ेगा बल्कि शहर का ट्रैफिक सिस्टम भी सुधरेगा।

# चार लोगों की मौत पर मंत्री कृष्ण बेदी ने जताया शोक, अंतिम संस्कार में हुए शामिल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना**

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने सोमवार को नरवाना क्षेत्र के गांव सूरजा खेड़ा में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की दुखद मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि गांव सुरजा खेड़ा के दम्पति महावीर व उनकी पत्नी रोशनी देवी उनके भतीजे संदीप कुमार तथा तथा रामभज शर्मा के सुपुत्र सुनील की कल हिसार से आते वक्त बरवाला बाईपास पर रोड़ एक्सीडेंट में मृत्यु हो गई थी। मंत्री बेदी मृतकों के परिजनों से मिलने गांव पहुंचे और ढांढस बंधाया। शोकाकुल परिवारों के साथ अंतिम संस्कार में भी भाग लिया। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद मंत्री कृष्ण बेदी ने तत्काल घटना पर प्रतिक्रिया देते कहा कि यह अत्यंत हृदय विदारक दुर्घटना है। चार अनमोल जिंदगियों का इस तरह अचानक समाप्त हो जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। इस दुख की घड़ी में मैं और सरकार पूरी तरह से पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। शोक सभा में मौजूद ग्रामीणों ने भी सरकार से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ामों की मांग की ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ये दुर्घटना न केवल एक व्यक्तिगत क्षति है बल्कि समाज के लिए भी एक चेतावनी है।

## खबर संक्षेप

### फर्जी बिल क्लेम कर कर्मी ने हड़पी राशि

**जींद।** सिंचाई विभाग के सेवानिवृत उप अधीक्षक द्वारा मेडिक्लेम के फर्जी बिल प्रस्तुत कर 45 हजार 485 रुपये हडपने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। सिंचाई विभाग के एक्सईएन सौरभ सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सिंचाई विभाग में गांव ढाकल निवासी कर्मबीर उप अधीक्षक के पद पर कार्यरत था।

### महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र चोरी

**जींद।** गांव हाट मंदिर में पूजा अर्चना करने गई महिला के गले से अज्ञात महिलाओं ने भीड़ का फायदा उठा सोने का मंगलसूत्र को तोड़ लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव हाट निवासी अमन ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसकी पत्नी प्रियंका पूजा अर्चना के लिए गांव के मंदिर में गई थी।

### लिफ्ट देकर महिला से छीना सोने का लॉकेट

**जींद।** गांव सिंगवाल की एक महिला को पहले बाइक सवार दो युवकों ने लिफ्ट दी। फिर गांव ढाकल के निकट महिला से सोने का लॉकेट छीन कर फरार हो गए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार दो युवकों के खिलाफ छीना झपटी का मामला किया है। गांव सिंगवाल निवासी कविता ने पुलिस को शिकायत दी है।

### टावर से बैट्री चुराते एक दबोचा, साथी फरार

**जींद।** गांव रधाना में बीती रात टावर से बैटरी चोरी कर एक युवक को सुरक्षा कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से काबू कर लिया। जबकि कुछ चोरी गाड़ी से फरार हो गए। सिक्योरटी सुपरवाइजर की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने पकड़े गए युवक समेत कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव दालमवाला निवासी रणबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह टावर कंपनी में सिक्योरटी सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है।

### संयुक्त किसान मोर्चे का धरना जारी

**नरवाना।** मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में मंगलवार को 1155 वें दिन भी जारी रहा जिस की अध्यक्षता शिशपाल गलाडी ने की और मंच संचालन निहाल सिंह गुरूसर ने किया । मंच सांझा करते हुए मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने बताया कि इस धरने की जहां बहुत सी उपलब्धियां हैं।

### योग दिवस में भाग लेने के लिए पंजीकरण जारी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि आगामी 21 जून को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला में योग प्रोटोकॉल की पालना करते गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा। इस अवसर पर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आयुष विभाग द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल और टोल फ्री नंबर जारी किया है। डीसी ने बताया कि आयुष विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया चल रही है।

### धनवंतरी आयुर्वेद पुरस्कार के लिए आवेदन जारी

**जींद।** केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय धनवंतरी आयुर्वेद पुरस्कार 2025 के लिए आयुर्वेदिक विशेषज्ञों से 30 जून तक आवेदन नामांकन आमंत्रित किए हैं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय धनवंतरी आयुर्वेद पुरस्कार ऐसे आयुर्वेद विशेषज्ञों को प्रदान करने के लिए स्थापित किए गए हैं

### युवा विकास समिति के उपाध्यक्ष बने सुनील

**जींद।** युवा विकास समिति जींद के कार्यालय में एक मीटिंग हुई। अध्यक्षता युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने की और बताया कि आज युवा विकास समिति के कुछ नए पदाधिकारी का चयन किया है। उपाध्यक्ष पद के लिए सुनील उर्फ शीला सैनी व कोषाध्यक्ष पद के लिए रणवीर रिटौली को जिम्मेदारी दी गई है।

---

### जींद जिले में दस्त रोकथाम अभियान की शुरूआत

# स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर 1,34,392 बच्चों को ओआरएस के पैकेट बांटेंगे

### *हाई रिस्क एरिया में रहने वाले बच्चों पर विशेष ध्यान*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिला में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से सघन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा (आईडीसीएफ) अभियान की शुरूआत स्वास्थ्य विभाग ने कर दी है। अभियान आगामी 31 जुलाई तक पूरे जिले में चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 1,34,392 बच्चों को ओआरएस के पैकेट वितरित किए जाएंगे। साथ ही दस्त से पीड़ित बच्चों के त्वरित उपचार के लिए जिले में कुल 233 ओआरटी कॉर्नर स्थापित किए गए हैं। ये कॉर्नर सभी नागरिक अस्पतालों, उपमंडलीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा उपस्वास्थ्य केंद्रों पर सक्रिय रहेंगे। जहां ओआरएस घोल व जिंक की गोलियां उपलब्ध रहेंगी। स्वासथ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर करेंगे ओआरएस व जिंक टैबलेट वितरित : डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता झघर-घर जाकर बच्चों को ओआरएस पैकेट और जिंक टैबलेट वितरित करेंगी। इसके लिए 700 से अधिक आशा कार्यकर्ताओं की डयूटी लगा दी गई है। कार्यकर्ता परिवारों को ओआरएस बनाने और उपयोग करने की विधि, हाथ धोने की सही प्रक्रिया और डायरिया के लक्षणों की पहचान के बारे में भी जागरूक करेंगी। हाई रिस्क एरिया में रहने वाले बच्चों पर विशेष ध्यान स्वास्थ्यकर्मियों का अभियान के दौरान विशेष ध्यान हाई रिस्क एरिया जैसे स्लम बस्तियां, नोमेडिक साइट्स, ईंट भ`, निर्माणाधीन स्थल एवं सैटल्ड स्लम्स पर दिया जाएगा। जिले में कुल 358 हाई रिस्क एरिया चिह्नित किए गए हैं। जिनमें 202 स्लम बस्ती, हैचरी, फैक्ट्रियां, 10 नोमेडिक साइट्स, 119 ईंट भट्टे, चार निर्माणाधीन साइट्स और 23 सैटल्ड स्लम्स शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल हेल्थ टीमें स्कूलों में जाकर बच्चों को हाथ धोने की आदत, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा साफ.-सफाई के महत्व के बारे में जागरूक करेंगी।

#### डायरिया की रोकथाम अभियान का लक्ष्य



सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि अभियान का मुख्य लक्ष्य बच्चों में डायरिया की रोकथाम और समय पर उपचार सुनिश्चित करनाए ओआरएस और जिंक टैबलेट का प्रचार-प्रसार, स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल के प्रति जागरूकता फैलाना, साथ ही हाथ धोने के महत्व और सही प्रक्रिया की जानकारी देना है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने छोटे बच्चों को दस्त से बचाने के लिए साबुन से नियमित हाथ धोने, दस्त होने पर ओआरएस का घोल और जिंक की टैबलेट देने की आदत डालें। यदि किसी बच्चे को अधिक दस्त की शिकायत है, तो उसे तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर उपचार करवाएं। सभी की सहभागिता से ही यह जनस्वास्थ्य अभियान सफल हो सकेगा।

#### स्वास्थ्यकर्मी पहुंचेंगे हर घर तक

नागरिक अस्पताल के उप सिविल सर्जन डा. संदीप ने बताया कि मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के तहत अभियान की शुरूआत कर दी गई है। यह अभियान आगामी 31 जुलाई तक पूरे जिले में चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 1,34,392 बच्चों को ओआरएस के पैकेट वितरित किए जाएंगे। साथ ही दस्त से पीड़ित बच्चों के त्वरित उपचार के लिए जिले में कुल 233 ओआरटी कॉर्नर स्थापित किए गए हैं।

---



जींद। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर का स्वागत करते डा. पुष्पा तायल। फोटो :हरिभूमि

## कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटा : मनीष ग्रोवर

- जिला भाजपा कार्यालय में हुआ कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिला भाजपा कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल ने की। कार्यशाला में मुख्यअतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर रहे। कार्यशाला में विश्व पर्यावरण दिवस, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस और आपातकाल का काला अध्याय कार्यक्रमों की जिला संयोजक डा. पुष्पा तायल ने बताया कि यह सभी कार्यक्रम इसी माह के अंत तक करने हैं। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने बताया कि कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोटा है। कांग्रेस की मानसिकता आज भी वही है। कांग्रेस आज भी हार के अंदर जा कर वही सवाल खड़े करती है। कांग्रेस हमेशा ओच्छी मानसिकता का उदाहरण देती है। कांग्रेस के लोग कभी लोकतंत्र में विश्वास नही रखते। देश की आजादी के बाद से इंदिरा गांधी ने 51 बार, राजीव गांधी शासनकाल में छह बार, नरसिम्हा राव शासन काल में 11 बार राष्ट्रपति शासन लागू किए गए लेकिन मोदी सरकार में पिछले 11 साल के दौरान एक बार भी राष्ट्रपति शासन नही लगाया है। आपातकाल में इंदिरा गांधी ने जिस तरह लोकतंत्र का गला घोंटा, वही गला घोंटने वाली कांग्रेस पार्टी है। कार्यक्रम के संयोजक डा. पुष्पा तायल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 11 वर्ष का कार्यकाल संकल्प सिद्धि का स्वर्णिम कार्यकाल रहा है।

#### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि भारत आज अर्थव्यवस्था के मामले में पूरे विश्व में चैथे पायदान पर पंहुच चुका है और 2047 तक आत्मनिर्भर भारत बनने के लिए प्रयासरत है। आज मोदी सरकार द्वारा चलाए गए स्टार्ट अप संकल्प से लाखों युवाओं ने स्वरोजगार को अपना कर भारत को बुलंदियों पर ले जाने का काम किया है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियां देश ही नही विदेशों में भी पसंद की जा रही है। इस मौके पर कार्यक्रम के सह संयोजक हरीश शर्मा, अनिल सैनी, अमित ढाकल, रामफल शर्मा, रवि थनई, भारत भूषण टांक, दीपक अहलावत, प्रदीप शर्मा, अजय गोयल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---



जींद। अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाए हुए। फोटो :हरिभूमि

### नागरिक अस्पताल में चलाया स्वच्छता अभियान

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मंगलवार को स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीएमओ डा. डा. सुमन कोहली, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला व एमएस डा. अरविंद के दिशा-निर्देशन में हुआ। स्वास्थ्यकर्मियों ने नागरिक अस्पताल में स्वच्छता अभियान चलाया और अस्पताल परिसर की विशेष तौर सफाई की गई। इसके अलावा अस्पताल में आए लोगों को स्वच्छता के महत्व से अवगत करवाया गया।सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि स्वच्छता भगवान का दूसरा रूप है। जब तक हम स्वच्छता नहीं रखेंगे तब तक भक्ति भी अधूरी है। हम सब परमात्मा में या भगवान में विश्वास रखने वाले लोग हैं। इसलिए सभी को स्वच्छता के महत्व को समझना चाहिए और स्वच्छता को अपनाना चाहिए। नागरिक अस्पताल में जब भी आएं तो गंदगी न फैलाएं। स्वच्छता का पूरा ध्यान रखें। अगर हम नागरिक अस्पताल में स्वच्छता नही रखेंगे तो बीमारियां फैलने का ज्यादा खतरा रहेगा। इसलिए चाहिए कि स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। मौके पर डा. अजय, एसएनओ बाला, आशिमा, मूर्ति, सुनीता दूहन, हरदीप, हरीश, धर्मबीर, सुनील, जयबीर, सोमी सहित अन्य सवास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

### 200 मीटर फ्रीस्टाइल में विश्वदीप प्रथम

**जींद।** जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का एकलव्य स्टेडियम स्थित स्वीमिंग पुल में आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा और डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के बेटे रुद्राक्ष मिड्ढा ने शिरकत की। तैराकी संघ के महासचिव विनोद ने बताया कि सीनियर पुरुष वर्ग में 200 मीटर फ्रीस्टाइल में विश्वदीप प्रथम, दीपक द्वितीय और विनीत तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर महिला वर्ग में कीर्ति प्रथम, सलोनी द्वितीय बॉयज ग्रुप फ स्ट में तरुण प्रथम, निखिल शर्मा द्वितीय और रमन तृतीय स्थान पर रहे। गल्र्स ग्रुप वन में काफ़ी प्रथम, कोमल द्वितीय और तनु तृतीय स्थान पर रही। लड़कों में द्वितीय वर्ग में धीरज प्रथमए प्रज्वल द्वितीय और जतिन तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर फ्री स्टाइल में लडकों के तृतीय वर्ग में धीरेन प्रथम, यश द्वितीय और हर्ष तृतीय स्थान पर रहे। लड़कियों के तृतीय वर्ग में श्रद्धा प्रथम, रीति दल द्वितीय और उमा तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में पुरुष वर्ग में प्रियंक प्रथम, दीपक द्वितीय और सुदीप तृतीय स्थान पर रहे।




जींद। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते भाजपा नेता रूद्राक्ष।



जींद। प्रदर्शन करते जनसंगठनों के प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

### जनसंगठनों ने किया प्रदर्शन

**जींद।** नागरिक एकता मंच एवं विभिन्न जन संगठनों के कार्यकर्ताओं ने रानी तालाब के अम्बेडकर चौक पर धरना प्रदर्शन करते हुए फिलिस्तीन में नरसंहार रोकने और इजराइल एवं अमेरिका की तानाशाही पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने प्रधानमंत्री से फिलिस्तीन की मदद करने और इजराइल को चेतावनी देने की मांग की। अध्यक्षता रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान विक्रम सिंह व संचालन सीटू जिला सचिव कपूर सिंह ने किया।धरना व प्रदर्शन को सम्बोधित करते जन संगठनों के नेताओं ने संबोधित किया। मंगत राम शास्त्री, सोहनदास ने कहा कि साम्राज्यवादी देश अमेरिका के इसारे पर इजरायल द्वारा फिलिस्तीन की निर्दोष जनता, स्वास्थ्य व शिक्षा केंद्रों पर निर्दोष लोगों के घरों पर बमबारी की जा रही है जिसके चलते अभी तक 55 से 60 हजार बच्चों, महिलाओं एवं गरीब निर्दोष लोगों की जान जा चुकी है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कहा कि केंद्र की सरकार अमेरिका की पिच्छ लग्गु बनी हुई है। हमारे देश की सरकार ने युद्ध रुकवाने में अहम रोल अदा करना चाहिए।

### नशे के खिलाफ किया जागरूक

**जींद।** हरियाणा में नशाखोरी के बढ़ते दुष्चक्र को तोडने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुएए नशा मुक्ति टीम जींद ने मंगलवार को नशामुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जिला जींद के नरवाना उपमंडल में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं को नशे के चंगुल से बचाने और उन्हें एक नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में शहर थाना नरवाना प्रभारी ईश्वर सिंह ने नवदीप स्टेडियम में उपस्थित खेल प्रेमियों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार नशा युवाओं को भीतर से खोखला कर देता है, परिवारिक संबंधों को तोड़ता है और अंततः समाज के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर देता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे के प्रलोभन से दूर रहें और अपनी ऊर्जा को रचनात्मक तथा राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगाएं। उन्होंने कहा कि नशा सिर्फ एक बुरी आदत नही बल्कि यह एक धीमा जहर है जो आपको और आपके परिवार को तबाह कर देता है।




जींद। खिलाड़ियों को जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। बिजली निगम कार्यालय पर रोष जताते किसान। फोटो :हरिभूमि

### टूटे पोल को ठीक करवाने की मांग

**जींद।** पिछले दिनों आई आंधी और तूफान में टूटे पोल को ठीक करवाने की मांग को लेकर किसान मंगलवार को हांसी रोड स्थित बिजली निगम कार्यालय में पहुंचे। किसानों का कहना था कि पोलों को ठीक करने में निगम अधिकारी कोई रूचि नही दिखा रहे हैं। जिसके चलते गांवों में पर्याप्त बिजली सप्लाई उपलब्ध नही हो पा रही है। किसानों ने चेताया कि जल्द ही पोलों को ठीक नही किया गया तो वो आंदोलन करने को मजबूर होंगे। किसानों ने साफ कहा कि बिजली निगम अधिकारी किसानों की समस्याओं पर ध्यान दें। किसानों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही की जाएगी। भारतीय किसान यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को किसान बिजली निगम कार्यालय पहुंचे। किसान रामकरण, सुरेश, सूरजभान, बनी सिंह, राजा, राजेंद्र, रामफल और संजय ने ज्ञापन के माध्यम से मांग कि जो ट्रांसफार्मर और पोल रास्तों और खेतों के बीच में आ रहे हैं, वे जल्द से जल्द साइड में लवाए जाएं। मिर्जपुर रोड पर स्थित ट्रांसफार्मर पर स्विच लगवाया जाए। ईक्कस पावर हाउस से राजपुरा भैण खेत की लाइन को जल्द से जल्द जोड़ा जाए।



जींद। कैडेट्स को नशे के खिलाफ शपथ दिलाते डा. अशोक। फोटो :हरिभूमि

### कैडेट्स ने सीखी आर्म और फुट ड्रिल तकनीक

**जींद।** 15 हरियाणा बटालियन के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन सुबह के सत्र में एनसीसी कैडेटों ने अनुशासन और टीम वर्क की भावना विकसित करने के लिए आर्म ड्रिल और फुट ड्रिल तकनीक सीखी। इसके बाद कैडेटों को एनसीसी के उद्देश्यों, लक्ष्यों और प्रोत्साहनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। डा. अशोक कुमार वर्मा एसआई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ड्रग के द्वारा नशा मुक्ति पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आपके पास एक उज्ज्वल भविष्य है और नशा उस भविष्य को खराब कर सकता है। इसलिए नशा करने से बचें और अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें। कमांडिंग ऑफिसर ने भारतीय सेना के संगठन और संरचना के बारे में गहन जानकारी दी। संध्या काल में मनोरंजक पूर्ण खेल रस्सा कस्सी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कैडेट्स ने उत्साहपूर्ण रूप से हिस्सा लिया। इस आयोजन ने कैडेट्स के बीच टीम वर्क, सहयोग और मस्ती को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

### *देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने डीजीपी से लगाई गुहार*

- भूमि पर कब्जा करने व आरोपितों पर धमकी देने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक की खेती योग्य जमीन से स्थानीय प्रशासन द्वारा कब्जा न हटवाए जाने की शिकायत पुलिस महानिदेशक को भेजी है। उन्होंने मांग की है कि उसके खेत पर किए कब्जे को हटवाया जाए और आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। डीजीपी हरियाणा को लिखी शिकायत में दलजीत मलिक ने बताया कि उसका पैतृक गांव पोली है। जबकि वह परिवार समेत बाहर रहता है। उसी का फायदा उठा कर गांव के ही रामदेई, राजसिंह, दीपक ने उसकी कृषि योग्य जमीन पर कब्जा किया हुआ है। जब उसने जमीन छोडऩे के लिए आरोपितों से कहा तो उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। जिसकी शिकायत उसने एसपी जींद से की। उन्होंने मामले की जांच डीएसपी जितेंद्र राणा को दे दी। बावजूद इसके उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नही हुई। अब उसके परिवार को भी खतरा बना हुआ है। वह अपने खेत में भी नही जा सकता। आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई न होने के कारण उनके हौसले बुलंद हैं। जिसके चलते परिवारिक शांति भंग होने का खतरा भी बना हुआ है। उन्होंने मांग की कि उसकी जमीन से कब्जा हटवाया जाए और आरोपितों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाए।





जींद। रैली निकालते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### लिंग जांच करना व करवाना कानूनी अपराध

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कंडेला के तहत सब सेंटर रुपगढ़ के गांव कैरखेड़ी में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. कुलदीप सिंह के दिशा-निर्देशन में रैली निकाल कर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटियों की कमी से समाज में बढ़ता अपराध, भ्रूण हत्या, गर्भ में लिंग जांच करना, करवाना बारे जागरूक किया गया। रैली में बच्चे, स्वास्थ्य विभाग सब सेंटर रुपगढ़ की टीम सहित ग्रामीणों ने भाग लिया। सभी को कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाई गई। स्वास्थ्य कार्यकर्ता मूर्ति देवी व मुकेश रानी ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना लड़कियों को सुरक्षित और संरक्षित करने के लिए बनाई गई योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बेटा व बेटी में समानता लाना, लड़कियों की शिक्षा सुनिश्चित करना, लड़कियों को शोषण से बचाना व उन्हें सही व गलत के बारे में अवगत कराना है। लड़कियों की संख्या कम होने से समाज में अपराध बढ़ता है। जब लड़कों का समय पर विवाह नही होता तो वो मानसिक रूप से कमजोर ओर भर्मित होकर अपराध की तरफ बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि आज लड़कियां किसी भी फील्ड में पीछे नही हैं।

---

**कार्यक्रम** | वूमेन एरा फाउंडेशन एवं जेसीआई सफीदों द ग्रेट ने दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध करवाई

# कलाम बाल आश्रम में समाजसेवी संस्थाओं का योगदान रहा सराहनीय : सीमा रोहिल्ला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुजाता ने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिला के दिशा-निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किशोर न्याय अधिनियम के तहत कलाम बाल आश्रम का संचालन किया जा रहा है। आश्रम किशोर न्याय अधिनियम के तहत पंजीकृत एक सरकारी संस्था है, जो जिला में बेसहारा, गुमशुदा एवं संरक्षण की आवश्यकता वाली बालिकाओं के रखरखाव देखभाल एवं पुनर्वास के लिए समर्पित है। बताया कि मंगलवार को वूमेन एरा फाउंडेशन एवं जेसीआई सफीदों द ग्रेट ने बालिकाओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते स्वेच्छा से दैनिक उपयोग की सामग्री आश्रम में उपलब्ध करवाई गई। वूमेन एरा फाउंडेशन वर्ष 2016 से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय है एवं मुख्य रूप से महिलाओं और बच्चों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से कार्यरत है। संस्था के सदस्यों द्वारा आश्रम की बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते उन्हें प्रेरणादायक संदेश दिए गए। साथ ही ये आश्वस्त किया गया कि भविष्य में भी बच्चों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए निरंतर सहयोग प्रदान किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिल्ला द्वारा वूमेन एरा फाउंडेशन एवं जेसीआई सफीदों द ग्रेट का आभार प्रकट किया गया। दोनों संस्थाएं का समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान बताया। आमजन से भी अपील की कि वे आगे आकर समाज एवं जरूरतमंद बच्चों के कल्याण के लिए अपना सहयोग दें।




जींद। कार्यक्रम में अधिकारी के साथ मौजूद फाउंडेशन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

कलाम बाल आश्रम की अधीक्षक शैलेंद्र, जिला ममता, मीनाक्षी एवं आश्रम के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही वूमेन एरा फाउंडेशन से संस्थापक गीतांजलि कंसल, जींद ब्रांच की अध्यक्ष रेणु एवं जेसीआई सफीदों द ग्रेट से अंकित मित्तल, अमित राणा, विपिन मित्तल, नितिन अग्रवाल, आशीष कंसल एवं संजीव पुंडीर भी उपस्थित रहे।



जींद। योग करते साधक। फोटो :हरिभूमि

### योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**जींद।** हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों के तहत मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा डीसी कैंप पार्क में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यअतिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्णलाल मिड्ढा के पुत्र रुद्राक्ष मिड्ढा ने शिरकत की। भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यअतिथि रुद्राक्ष मिड्ढा ने अपने संबोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक विकास के लिए भी अत्यंत उपयोगी है। कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली। अब हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश को नशा मुक्त, योग युक्त हरियाणा बनाने का संकल्प लिया है। जिसे हम सभी को मिल कर साकार करना है। विमान दुर्घटना पर शोक व्यक्त करते कहा कि जीवन में हर परिस्थिति में सकारात्मक दृष्टिकोण और परमात्मा में विश्वास आवश्यक है।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए कार्यकर्ताओं की राय ली

**पूंडरी।** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक विनोद सुल्तानपुरी (विधायक हिमाचल प्रदेश) ने प्रदेश पर्यवेक्षक मेवा सिंह (पूर्व विधायक), धर्मपाल गुप्ता और सत्येंद्र मोर के साथ मिलकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष चयन को लेकर कार्यकत्र्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान पार्टी के समर्पित कार्यकत्र्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी राय जानी गई, ताकि संगठन को जमीनी स्तर से और अधिक मजबूत किया जा सके।

### फायर करने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सदर थाना सफीदों पुलिस ने जान से मारने की नियत से फायर करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान रामनगर निवासी सतपाल व गांव हाट निवासी सुमित के रूप में हुई है। सदर थाना सफीदों प्रभारी विरेन्द्र सिंह ने बताया कि रामनगर निवासी अशोक ने 28 मई को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह खेत बिटानी से रामनगर रोड पर अपने खेत में ज्वार लेने के लिए गया हुआ था। रामनगर निवासी सतपाल व गांव हाट निवासी राहुल उसके खेत में आए । उसी समय एक ने उसके ऊपर जाने से मारने की नीयत फायर किया जोकि उसके पास से वह गोली गुजर गई।

### अलग-अलग स्थानों से हजारों का सामान चोरी

**कैथल।** जिले में चोरों ने दो अलग-अलग जगहों से हजारों रुपये का सामान और नकदी चोरी कर ली। इन घटनाओं में चोरों ने दोनों जगहों पर प्रतिष्ठानों को ही अपना निशाना बनाया। चोरों ने ढांड मंडी में एक कोचिंग अकादमी और कैथल शहर के न्यू करनाल रोड पर एक कार्यालय में चोरी की। इन दोनों जगहों पर चोरों ने 15 जून की रात को चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पहला मामला- पहले मामले में ढांड थाने में दी गई शिकायत में जिला कुरुक्षेत्र के सारसा गांव निवासी विक्रम मलिक ने बताया कि उसकी मंडी में कोचिंग अकादमी है। 11 जून को वह अपनी अकादमी बंद करके चला गया।

### होमगार्ड वेलफेयर एसो. कमेटी ने लगाया भंडारा

**कैथल।** होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन कमेटी कैथल द्वारा कड़ी चावल और हलवे का भंडारा किया गया जो कि छोटी माता मन्दिर नजदीक भाई उदय सिंह किला कैथल पर लगाया गया। ऐसे सामाजिक कार्यक्रम कमेटी द्वारा पिछले दो साल से समय से किए जा रहे है। वे हर साल जून के महीने में इसे कार्यक्रम को आगाज देते है। इसे पहले नया बस अड्डा पर ठंडे जलजीरे का पानी लोगो को पिलाया गया ताकि लोगों को बढ़ती गर्मी से राहत मिल सके। अब की बार कमेटी द्वारा कड़ी चावल और हलवे का भंडारा किया गया । होमगार्ड के जवानों ने भंडारे को सफल बनाने के लिए अपने तन मन धन से सहयोग किया।

### दिग्विजय करेंगे युवा जोड़ो अभियान की शुरुआत

**कैथल।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नव नियुक्त युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला 18 जून को कैथल जिले में युवा जोड़ो अभियान की शुरुआत करेंगे।



इस अभियान के तहत वे गांव-गांव जाकर युवाओं से मुलाकात करेंगे और 'चाय पर चर्चा' के माध्यम से उनकी समस्याएं सुनेंगे व संगठन से जोडने का आह्वान करेंगे। जजपा के पूंडरी हलका अध्यक्ष विक्रम म्यौली ने बताया कि दिग्विजय चौटाला कैथल जिले के चारों हलकों का दौरा करेंगे और युवाओं से संवाद स्थापित करेंगे। चौटाला 18 जून को पूंडरी हलके के गांव कौल स्थित यूनिवर्सिटी पहुंचेंगे।

---

### श्री भवानी मंदिर चीका में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन

# योग आत्म-संतुलन और शारीरिक स्फूर्ति का माध्यम : बलबीर सैनी

## योग और प्राणायाम शरीर को निरोगी रखने के लिए बेहद सरल प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका




**गुहला चीका।** तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ करते हुए संस्था के प्रधान बलबीर सैनी। फोटो : हरिभूमि

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रबंधक कमेटी श्री भवानी मंदिर व पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में श्री भवानी मंदिर चीका में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि श्री भवानी सेवा समिति के प्रधान कुलदीप माजरा व आदर्श नाटक क्लब के प्रधान बलबीर सैनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में कुलदीप माजरा, बलबीर सैनी ने कहा कि योग और प्राणायम शरीर को निरोगी रखने के लिए बेहद सरल प्रक्रिया है।

### साधकों ने किया अभ्यास

नियमित रूप से योग का अभ्यास करने से रोग शरीर से दूर रहते हैं। 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम के साथ आगामी 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर साधकों को पतंजलि के युवा तहसील प्रभारी महावीर प्रजापति, मुख्य योग शिक्षक रवींद्र उर्फ पाली व वरिष्ठ योग शिक्षक ईश्वर सिंगला ने प्रार्थना मंत्र के उच्चारण के साथ प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। ईश्वर सिंगला ने कहा कि योग को अपनी दिनचार्या में शामिल करें, नियमित योग और प्राणायाम करने से शरीर स्वस्थ और मन प्रसन्न रहता है। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर होने के साथ-साथ आत्म-संतुलन, मानसिक शांति और शारीरिक स्फूर्ति का माध्यम है। योग के माध्यम से तनाव प्रबंधन और कार्यक्षमता में वृद्धि की जा सकती है। इस अवसर पर पतंजलि मीडिया प्रभारी गुरमीत सीड़ा, दीपक मिगलानी, हरपाल शर्मा, राममेहर, विक्की, गुरमीत सिंह, हरजिंदर सिंह, इंद्रमोहन मितल, सुशील जिंदल, डिंपल कुमार, रामपाल चावला, कश्मीर लाल गर्ग भी मौजूद रहे।

### योग दिवस कार्यक्रम को लेकर ड्यूटी लगाई

गुहला-चीका। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि खंड स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को सुबह 7 से 8 बजे तक अनाज मंडी चीका में मनाया जाएगा। इससे पहले 20 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पायलेट रिहर्सल आयोजित होगी। संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्य कर रहे है। अबकी बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग होगा। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम का एक तरीका ही नहीं है बल्कि मानसिक, आध्यात्मिक और भावनात्मक संतुलन प्राप्त करने का साधन है। योग शारीरिक लचीलापन और शक्ति बढ़ाता है। मानसिक और चिंता को कम करता है। योग रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। एकाग्रता और स्मरण शक्ति में सुधार लाता है। आंतरिक शांति और आत्मज्ञान की अनुभूति कराता है। हमें योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ड्यूटियां लगाई गई है। इसके अंतर्गत शिक्षा विभाग, आयुष विभाग और खेल विभाग के अधिकारी कार्यक्रम की सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश जारी किए गए है।



**कैथल।** योगासन करती महिलाएं फोटो : हरिभूमि

### योग, आदर्श दिनचर्या, सात्विक आहार अपनाकर बचा जा सकता है बीमारियों से : शशी बाला

**कैथल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की श्रृंखला में जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग कैथल के संयुक्त तत्वाधान में हनुमान वाटिका कैथल में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व हेल्पर के लिए योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी बीरभान कौशिक तथा



आयुष योग सहायक संदीप तंवर, संजू आर्या, संदीप चहल एवं कनिका द्वारा योग प्रोटोकॉल के अभ्यास में जोड़ो के दर्द को दूर करने हेतु गर्दन, कंधे, कमर, घुटने आदि के लिए सूक्ष्म व्यायाम करवाए गए। इसके साथ ही ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, सेतुबंधासन, मकरासन, भुजंगासन तथा प्राणायाम में अनुलोम विलोम, भ्रामरी, शीतली, कपालभाति व ध्यान का अभ्यास करवाया गया। बीरभान कौशिक ने बताया कि महिलाओं को सेतुबंधासन, गोमुखासन, तितली आसन, कपालभाति अनुलोम विलोम का अभ्यास नियमित करना चाहिए। इससे शारीरिक क्षमता तो बढ़ती है साथ ही यूटरस की बीमारियों से भी निजात मिलती है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शशी बाला ने बताया कि महिलाओं को अपने दैनिक जीवन में योग को अवश्य अपनाना चाहिए, क्योंकि आजकल महिलाओं में यूटरस में रसौली तथा ब्रेस्ट में गांठ आदि बीमारियां उत्पन्न होने की समस्याएं ज्यादा होने लगी है। इसलिए योग, आदर्श दिनचर्या, सात्विक आहार विहार से ही इन सभी बीमारियों को उत्पन्न होने से रोका जा सकता है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि 21 जून योग दिवस की तैयारियों के लिए सभी विभागों के लिए योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे है, ताकि सभी लोग पहले ही प्रशिक्षित हो जाए और 21 जून के दिन योग आसनों में एकरूपता बन सके। कलायत, राजौंद, पूंडरी, ढांड, सीवन, गुहला सहित 6 खंडों तथा कैथल में जिला स्तरीय कार्यक्रम की पायलट रिहर्सल 20 जून को आयोजित की जाएगी तथा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा।

---

## सांसारिक बंधन से मुक्ति के लिए भक्ति करें: गोपाल दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** प्रवचन करते साक्षी गोपाल दास व उपस्थित संगत फोटो : हरिभूमि

श्री गीता भवन मंदिर में इस्कॉन द्वारा आयोजित द्वितीय दिवस की भागवत कथा का प्रारंभ करते हुए कथा व्यास साक्षी गोपाल दास ने बताया कि इस सांसारिक भव बंधन से मुक्त होने के लिए भगवान की भक्ति रूपी तपस्या ही उठानी पड़ेगी। कलयुग में कोई अन्य तपस्या संभव नहीं है।

"कलयुग केवल नाम अधारा, सुमिर-सुमिर नर उत्तरही पारा।" कलयुग में केवल भगवान का नाम ही है जिसके द्वारा हम इस सांसारिक बंधन से मुक्त हो सकते हैं। केवल भगवान का नाम ही हमें इस माया के जाल से छुड़ा सकता है। प्रभु जी ने बताया कि शुद्ध वैष्णव भक्तों का संघ मनुष्य के लिए बहुत जरूरी है। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि /"श्रीला भक्ति विनोद ठाकुर जी/" भी अपने भजन में यह प्रार्थना कर रहे हैं कि - "हे प्रभु! चतुर्मुखी ब्रह्मा बनने की मेरी इच्छा नहीं है। चाहे मुझे आप अगले जन्म में कीट की योनि में जन्म दे देना, लेकिन इतनी कृपा करना कि उसे कीड़े की योनि में मुझे आप अपने भक्त के घर में जन्म देना। उनके साथ रहने, दर्शन करने मात्र से ही मेरा उद्धार हो जाएगा।/" चित्रकेतु भगवान की वंदना करते हुए कहते हैं कि "हे भगवान आपकी जय हो!

आपको कोई जीत नहीं सकता, किंतु फिर भी अजीत होने पर भी आप अपने भक्तों के द्वारा जीत लिए जाते हो।/" जिन भक्तों का अपने मन और अपनी वाणी पर पूरा संयम होता है वह आपको अपने वश में कर लेता है। जो असली साधु है, जो भगवान का सच्चा भक्त है, जिनकी कृपा से भगवान मिलते हैं उनके यही लक्षण हैं कि उनकी जिव्हा हर समय भगवान के सुंदर नाम, रूप, गुण व लीलाओं के गुणगान में लगी रहती है।

### भजनों पर भक्तों ने नृत्य कर ठाकुर जी को रिझाया

कथा के यजमान कैथल शहर के जाने माने वरिष्ठ एडवोकेट मनदीप सिंह और समिति के प्रधान दीपक अग्रवाल ने ज्योति प्रचंड की। भागवत कथा का श्रवण करने के पश्चात भगवान ठाकुर की आरती उतारी। कथा के समापन पर सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा स्थल पर इस्कॉन समिति के राज गुलाटी, राम निवास, आशीष गर्ग, नीरज गर्ग, अमित गर्ग, संजय वाही, संजीव शर्मा, मोनू गोयल, हरि दर्शन, विजय शर्मा, विनय तनेजा, पंजक शर्मा व अन्य सभी सदस्य मौजूद थे।

## युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का लक्ष्य निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कलायत।** संगठन प्रधान आनंद प्रकाश शर्मा की अगुवाई बैठक करते दवा विक्रेता

कलायत में मंगलवार को प्रतिष्ठित दवा विक्रेताओं के संगठन केमिस्ट एसोसिएशन विशेष बैठक हुई। जनता मेडिकल हाल में आयोजित बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन प्रधान आनंद प्रकाश शर्मा ने की। उनके साथ नगर के सभी प्रमुख केमिस्ट, थोक विक्रेता, व फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

शर्मा ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य हरियाणा सरकार व कलायत प्रशासन द्वारा द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त हरियाणा अभियान को मजबूती से समर्थन देना रहा। इसके तहत युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। प्रधान ने कहा कि नशे की प्रवृत्ति समाज को खोखला कर रही है। इसमें यदि दवा विक्रेताओं की भूमिका सजग व संवेदनशील रहेगी। इससे समाज को बड़ी राहत मिल सकती है। उन्होंने कहा सभी दवा विक्रेताओं ने संकल्प लिया है कि कोई भी सदस्य नशीली या प्रतिबंधित औषधियों की अवैध बिक्री नहीं करेगा। केवल अधिकृत चिकित्सकीय पर्ची पर ही निर्धारित दवाएं दी जाएंगी। बैठक का समापन प्रधान आनंद प्रकाश द्वारा आभार प्रकट करते हुए किया। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने व्यवसाय के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व को भी निभाएं। ताकि कलायत नगर हरियाणा में नशा मुक्त क्षेत्र के रूप में पहचान बना सके।

---



**राजौंद।** मीटिंग में भाग लेते हुए आशा वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

### अपने क्षेत्र में सभी गर्भवती महिलाओं के घर हर सप्ताह जाएं : डा. कीर्ति शर्मा

**राजौंद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रेनू चावला के निर्देशन में व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. कीर्ति शर्मा की अध्यक्षता में सभी स्वास्थ्य निरीक्षकों ,एलएचवी, एमपीएच डब्ल्यू फीमेल व आशा वर्करों की मीटिंग आयोजन किया गया। इसमें डा. कीर्ति शर्मा ने सभी को निर्देश दिए कि आप अपने क्षेत्र में सभी गर्भवती महिलाओ के घर हर सप्ताह जाएं और उनके स्वास्थ्य बारे जानकारी ले। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर हर तीसरे दिन उनके घर की विजिट करें। अगर कोई गर्भवती महिला कहीं बाहर जाकर अपना अल्ट्रासाउंड करवाती है तो इसकी सूचना तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद में दें। इसके साथ-साथ अपने क्षेत्र में दवा विक्रेताओं पर नजर रखे कि कोई दवा विक्रेता गर्भपात की दवा ना बेच रहा हो, इसके अलावा जितनी भी एनसी आपके पास रजिस्टर है।जिनके पहले फीमेल बेबी है उन पर विशेष नजर रखें ताकि लिंगानुपात को सुधारा जा सके। इसके अलावा जिन माता पिता की पहले से दो या तीन लड़कियां हैं। उनके घर हर सप्ताह विजिट करके पूरी जानकारी ले ताकि उनकी प्रेगनेंसी होते ही आपको पता चल सके और उनका 12 सप्ताह से पहले रजिस्ट्रेशन किया जा सके।

## समिति ने संत कबीर शिक्षा केंद्र में बच्चों को यूनिफॉर्म और स्टेशनरी वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल ।** श्री नर नारायण सेवा समिति संत कबीर शिक्षा केंद्र में बच्चों को यूनिफॉर्म और स्टेशनरी वितरित करते हुए

श्री नर नारायण सेवा समिति ने आज रेलवे स्टेशन के पास संचालित संत कबीर शिक्षा केंद्र में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया, जहाँ ज़रूरतमंद बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म और आवश्यक स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य इन बच्चों को शिक्षा के लिए बेहतर अवसर प्रदान करना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, और चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया की प्रतिनिधि, शीला ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराई। समिति के कई समर्पित सदस्य भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे और बच्चों के साथ बातचीत की।

वितरण समारोह के दौरान, बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था, जब उन्हें नई यूनिफॉर्म और पढ़ाई-लिखाई का सामान मिला। यह सामग्री उनकी शैक्षिक यात्रा को सुगम बनाने में मदद करेगी।

ज्योति सैनी ने श्री नर नारायण सेवा समिति के परोपकारी कार्यों की सराहना करते हुए कहा, /"यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है कि समिति समाज के सबसे वंचित वर्ग के बच्चों के लिए काम कर रही है। शिक्षा ही वह कुंजी है जो उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाएगी, और ऐसे प्रयास बच्चों के सपनों को साकार करने में सहायक होते हैं।/ शीला ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, /"हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार है, और ऐसे कार्यक्रम यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कि कोई भी बच्चा संसाधनों की कमी के कारण पीछे न रह जाए।/"

## खबर संक्षेप

### हकीकत में बदल रहे मोदी के किए वादे : ढांडा

**कलायत।** पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की कुशल नीति में वर्ष 2014 से पहले और उसके बाद के भारत की तस्वीर का अंतर साफ तौर से देखा जा सकता है। सही मायने में मोदी की अगुवाई में देश बुलंदियों को छू रहा है। इससे विश्व स्तर पर भारत का सम्मान और गौरव बढ़ा है।



कमलेश ढांडा मंगलवार को कलायत स्थित लोक निर्माण विश्राम गृह में पीएम मोदी के 11 साल बेमिसाल अवसर पर पत्रकारों से रूबरू थी। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, पार्षदों, सरपंचों, पंचों, ब्लाक समिति सदस्यों और अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े लोगों के साथ भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों की क्रमवार चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने विकास कार्यों के आंकड़ों को बेहतर ढंग से गिनवाया। ढांडा ने कहा कि संकल्प से सिद्धी के 11 वर्ष यह दर्शा रहे हैं कि वर्ष 2014 में केंद्र में सरकार बनने पर पीएम ने जो वायदे किए थे वह तेजी से हकीकत में बदल रहे हैं। भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार गरीबों, जरूरतमंदों, महिलाओं और सभी वर्गों के हितों को लेकर पूरी तरह समर्पित है।

### बाल्मीकि समुदाय को योजनाओं की दी जानकारी

**गुहला चीका।** चीका के वार्ड नंबर 4 स्थित बाल्मीकि बस्ती में /"संकल्प से सिद्धि/" अभियान के तहत नगर चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों की सेवा को समर्पित रहा और इसका उद्देश्य अनुसूचित जाति समुदाय को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम का संयोजन राकेश



वाल्मीकि ने किया, जबकि इसकी अध्यक्षता अनुसूचित जाति मोर्चा कैथल के जिला अध्यक्ष सलिंद्र वाल्मीकि ने की। मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर ओमताराम वाल्मीकि और वरिष्ठ बीजेपी नेता सुरता राम शर्मा ने भाग लिया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति मोर्चा, कैथल के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, जन धन योजना जैसी योजनाओं की जानकारी दी, जिनका उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना है। सुरता राम शर्मा ने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से गरीब परिवार अब बिना आर्थिक चिंता के बड़े अस्पतालों में इलाज करवा पा रहे हैं।

### नशा न करने के बारे में किया जागरूक

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा एसपी आस्था मोदी के कुशल नेतृत्व में नशे के खिलाफ एक सशक्त अभियान की शुरुआत की गई है। जिसके तहत नशा जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार की टीम घर-घर जाकर नशे के दुष्प्रभावों बारे बताते हुए नशा ना करने बारे जागरूक कर रही है। मंगलवार को उक्त पुलिस टीम द्वारा सीवन में युवाओं सहित आमजन को नशा ना करने बारे प्रेरित करते हुए जागरूक किया। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य नशा करने वालों को अपराध की दुनिया से दूर करना तथा उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना है। पुलिस और आमजन अगर तालमेल के साथ कार्य करे तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। एसपी ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा, जो देश के भविष्य है। नशा परिवार, समाज सहित देश के भविष्य को खतरे में डालता है।

---

**खेल** | देहरादून में आयोजित प्रतियोगिता में 29 राज्यों की टीमों ने भाग लिया

# पूंडरी के दो भाइयों ने राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण पदक, लहराया हरियाणा का परचम

- लीजेंड कराटे क्लब पूंडरी के छह खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी




**पूंडरी।** क्लब के कोच विकास ढलवाल के साथ कराटे प्रतियोगिता में अव्वल खिलाड़ी।

खेल जगत में पूंडरी ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। लीजेंड कराटे क्लब पूंडरी के दो सगे भाइयों ने हाल ही में देहरादून (उत्तराखंड) में आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है।

क्लब के कोच विकास ढलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 11 जून से 15 जून तक देहरादून के स्टेडियम में हुआ, जिसमें देशभर के 29 राज्यों की टीमों ने भाग लिया। हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए क्लब के 9 खिलाडयों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 6 खिलाडयों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ। प्रतियोगिता में 10 वर्ष आयु वर्ग में रियांश शर्मा ने 5 राज्यों के खिलाड़ियों को मात देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। 13 वर्ष 45 किलोग्राम वर्ग में मयंक शर्मा ने 6 राज्यों के खिलाडयों को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं 13 वर्ष 40 किलोग्राम वर्ग में यश ने दमदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। खास बात यह रही कि हरियाणा की पूरी टीम को केवल दो स्वर्ण पदक प्राप्त हुए और ये दोनों ही लीजेंड कराटे क्लब, पुंडरी के खिलाडयों ने जीते, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ गई।

### विजेताओं का सम्मान

हरियाणा कराटे एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी भारत यादव और प्रेसिडेंट रजनीश चौधरी ने दोनों स्वर्ण पदक विजेताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया। पुंडरी पहुंचने पर खिलाडयों का भव्य स्वागत किया गया और स्थानीय खेल प्रेमियों व ग्रामीणों ने उनका हौसला बढ़ाया।

इन स्वर्ण पदकों के साथ रियांश शर्मा और मयंक शर्मा का चयन आगामी साउथ एशिया कराटे चैंपियनशिप के लिए हो गया है, जो श्रीलंका में आयोजित की जाएगी। कोच विकास ढलवाल ने बताया कि यह क्लब के लिए गर्व का क्षण है और वे तीनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। यह सफलता न सिर्फ इन खिलाड की मेहनत का परिणाम है, बल्कि पूंडरी क्षेत्र में खेल संस्कृति के मजबूत होते आधार का प्रमाण भी है।

## खबर संक्षेप



कैथल। जागरूकता अभियान चलाते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

### वर्कर्स घर-घर पहुंच बता रही डायरिया से बचने के उपाय

कैथल। सिविल सर्जन डा. रेणु चावला ने बताया कि डायरिया से होने वाले शिशु मृत्यु की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जिला कैथल में दस्त रोको अभियान 31 जुलाई तक चलाया जा रहा है। आशा वर्कर तथा एएनएम 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को घर-घर जाकर ओआरएस पैकेट वितरित करने के साथ साथ अभिभावकों को ओआरएस तथा जिंक के प्रयोग के बारे में बता रही हैं। उन्हें बताया जा रहा है कि डायरिया होने की स्थिति में तुरंत ओआरएस पैकेट को प्रयोग में लाएं।

### मजदूरों की मांगों पर नहीं हो रही सुनवाई

जींद। भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा की बैठक ब्लॉक प्रधान जोगिंद्र ईगराह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। ब्लॉक सचिव राजेश कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के जिला सचिव संदीप जाजवान ने बताया कि श्रम कल्याण बोर्ड को सरकार के इशारे पर जानबूझ कर पंगु बनाया जा रहा है। आज निर्माण मजदूर को अपना सुविधा फॉर्म अप्लाई करवाने तथा उनकी सहायता लेने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### मोदी के 11 वर्ष संकल्प से सिद्धी तक कार्यक्रम

राजौंद। नगर पालिका प्रांगण में मोदी सरकार के 11 वर्ष संकल्प से सिद्धी तक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष हजवाना व जिला आई टी प्रमुख बलविंद्र जांगड़ा रहे। मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल रहे। कार्यक्रम में मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों के बारे में बताया गया। नपा पालिका प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम चलाकर पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया। इस मौके पर कपील दीक्षित, लोकेश राणा, पवन शर्मा, नपा चेयरपर्सन बबीता देवी, डॉ. संदीप राणा, पार्षद कर्मपाल राणा व डॉ. संजय राणा, कमल राणा, बलविंदर दीक्षित, रामनिवास मौजूद रहे।

## कैथल पासपोर्ट सेवा केंद्र पर बढ़ रही भीड़, प्रतिदिन 80 से 90 पासपोर्ट हो रहे जारी पूंडरी का रिकॉर्ड शानदार

# जिले के युवाओं में विदेश जाने की मची हुई है होड़ पासपोर्ट बनवाने के मामलों में पूंडरी क्षेत्र सबसे आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

विदेशों में रोजगार, उच्च शिक्षा और पर्यटन के अवसरों में बढ़ोत्तरी के चलते पासपोर्ट बनवाने वालों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हो रहा है। इसी कड़ी में पूंडरी क्षेत्र ने नई पहचान बनाई है और कैथल जिला पासपोर्ट सेवा केंद्र को प्रदेश का अग्रणी केंद्र बना दिया है। पहले जहां इस केंद्र पर औसतन 40 पासपोर्ट प्रतिदिन बनते थे, अब यह संख्या बढ़?र 80 से 90 प्रतिदिन तक पहुंच गई है।

**पूंडरी क्षेत्र की रिकॉर्ड भागीदारी:** पूंडरी क्षेत्र से प्रतिदिन 20 से 25 पासपोर्ट बन रहे हैं, यानी हर महीने लगभग 500 से 600 पासपोर्ट। वर्ष 2023 में जिलेभर में कुल 16893 पासपोर्ट बने थे, जिनमें से लगभग 5500 पासपोर्ट अकेले पूंडरी क्षेत्र से संबंधित नागरिकों द्वारा बनवाए गए।

**हरियाणा में सबसे आगे कैथल** मुख्य डाकघर कैथल के पोस्टमास्टर और पासपोर्ट सेवा केंद्र प्रभारी, पूर्व सेना अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि हरियाणा में कुल 9 पासपोर्ट सेवा केंद्र डाक विभाग के अधीन कार्यरत हैं, जिनमें कैथल का केंद्र पहले स्थान पर है। यहां नए और रिइश्यू दोनों प्रकार के पासपोर्ट बनते हैं।



पूंडरी। जानकारी देते हुए पासपोर्ट सेवा केंद्र प्रभारी संजय सोनी।

### पंजाब, सिरसा और करनाल से भी लोग आ रहे आवेदक

सिर्फ कैथल ही नहीं, बल्कि पंजाब, सिरसा और करनाल जैसे इलाकों के लोग भी पासपोर्ट बनवाने के लिए कैथल आ रहे हैं। अन्य जिलों में अपॉइंटमेंट मिलने में देरी, लंबी लाइनें और खराब व्यवस्थाओं के कारण लोगों का झुकाव कैथल की ओर तेजी से बढ़ा है। यहां सुविधाजनक व्यवस्था, स्टाफ का सहयोगी रवैया और तेज प्रक्रिया लोगों को आकर्षित कर रही है।

### पासपोर्ट आवेदन के लिए जरूरी दस्तावेज

- जन्म प्रमाण पत्र या आधार कार्ड।
- रिहायशी प्रमाण (जैसे राशन कार्ड, बिजली बिल) इत्यादि।
- पासपोर्ट साइज की फोटो।
- पुलिस वेरिफिकेशन (ऑनलाइन प्रोसेस के अनुसार)।
- पुराने पासपोर्ट की प्रति (यदि रिइश्यू हेतु आवेदन है)।

पासपोर्ट के 4 प्रकार

- नीला पासपोर्ट : आम नागरिकों के लिए।
- सफेद पासपोर्ट : सरकारी प्रतिनिधियों के विशेष कार्य हेतु।
- डिप्लोमैटिक पासपोर्ट : राजनयिकों के लिए।
- ई-पासपोर्ट : डिजिटल फीचर्स से युक्त नवीनतम पासपोर्ट।

***लोगों ने की केंद्र की सराहना:*** *पासपोर्ट बनवाने के लिए आए टोहाना निवासी प्रेम गर्ग और पूनम गर्ग ने बताया कि कैथल पासपोर्ट कार्यालय में बहुत आसानी से पासपोर्ट बन जाता है। उन्होंने कहा यहां के अधिकारी बहुत समझदार, सहयोगी और मार्गदर्शक हैं, जिससे पूरा अनुभव सुखद और आसान हो जाता है। पूंडरी क्षेत्र के युवाओं की विदेश जाने की ललक और जागरूकता, कैथल पासपोर्ट सेवा केंद्र की बेहतर कार्यशैली और प्रोफेशनल व्यवहार ने न सिर्फ पूरे हरियाणा में इस केंद्र को अव्वल बनाया है, बल्कि यह दिखाया है कि जब सेवाएं सरल हों, तो आम नागरिक भी वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास से कदम रख सकते हैं।*

### भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक आज

राजौंद। गांव शेरू खेड़ी के ग्राम सचिवालय में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक बुधवार को होगी। भाजपा जाखौली मंडल प्रधान अनील मलिक ने बताया कि मोदी सरकार के सेवा के 11 साल पूरे होने पर प्रोफेशन मीटिंग रखी गई है। मलिक ने बताया कि गांव शेरू खेड़ी के ग्राम सचिवालय में सांय 5 बजे यह बैठक आयोजित होगी। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा व जसवंत पठानीया घुमंतु जाति विकास बोर्ड वाइस चेयरमैन तथा सुरेश राविश प्रदेश कार्यकारणी सदस्य शामिल होंगे। यह बैठक मोदी सरकार व नायब सरकार की जनसेवा, पारदर्शी शासन और विकास कार्यों की उपलब्धियों को साझा करने के उद्देश्य से की जाएगी।

## मौसमी बीमारियों को रोकने के लिए अलर्ट मोड पर जिला स्वास्थ्य विभाग

# कैथलः अपराही मोहल्ले में डेंगू का लारवा मिला, पीड़ितों के लिए सैंपल

- स्वास्थ्य कर्मियों ने मंगलवार को आधा दर्जन से अधिक कालोनियों में चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

मौसमी बीमारियों को रोकने के लिए जींद में स्वास्थ्य विभाग की टीम अलर्ट मोड पर है। टीम ने डोर टू डोर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने और बीमार लोगों के खून के सैंपल लेने का काम तेज कर दिया है। मंगलवार को अपराही मोहल्ले में डोर टू डोर अभियान के दौरान मिल रहे डेंगू के लारवा को अपनी देखरेख में नष्ट करने का काम टीम ने किया और बीमार मिले 22 लोगों के खून के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए भेजा।

### यहां चलाया अभियान

गर्मी और बरसात के मौसम में होने वाली डायरियाए हैजा व पीलिया जैसी बीमारियों एवं मच्छर जनित रोगों से निजात पाने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारियों ने शहर के अपराही मोहल्ला, कानूनगो मोहल्ला, दुर्गा कालोनी, टपरीवास कालोनी, शीतलपुरी कालोनी, शिवपुरी कालोनी सहित दर्जन भर कालोनियों में घर-घर जाकर लोगों को इन बीमारियों से बचाने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मच्छर जनित रोगों के अलावा गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव की जानकारी देने के अलावा दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए पानी साफ करने वाली गोलियां, ओआरएस भी वितरित किए और पीने के पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाए।



जींद। बीमार मिले लोगों के खून के सैंपल लेते स्वास्थ्य कर्मी तथा पानी के स्त्रोतों में डेंगू के लारवा की तलाश करते स्वास्थ्य कर्मी और झुग्गी झोपड़ी में रहने वालों को जागरूक करती टीम। फोटो : हरिभूमि

### डेंगू के लारवा को स्वास्थ्यकर्मियों ने किया नष्ट, सावधानी से बचाव का दिया संदेश

अपराही मौहल्ला में एक सार्वजनिक स्थान पर रखे पानी के टब में डेंगू का लारवा पाए जाने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने तुरंत अपने सामने नष्ट करवाया और 22 बुखार से पीड़ित लोगों की जांच के लिए रक्त के नमूने भी लिए। स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर लोगो को बताया कि प्रत्येक व्यक्ति यदि थोड़ी सी सावधानी करके अपने घर तथा आसपास की सफाई करते हुए गड्ढों, खाली पड़े टायरों व गमलों आदि में गंदा पानी खडा नहीं होने दे। पानी के बर्तनों को ढक कर रखे, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। सप्ताह में एक बार कूलर, फूलदान, पशु व पक्षियों के पानी के बर्तनों तथा हौदी को सुखा कर ही भरे तो डेगू एमलेरियाए व चिकनगुनिया के अलावा डायरिया, हैजा व पीलिया जैसी भयानक बिमारी से लोगो को बचाया जा सकता है।

### कालोनीवासियों को बताए बीमारियों के लक्षण

जिला स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा ने लोगों को बताया कि यदि सर्दी व कंपन के साथ तेज बुखार, उल्टियां लगने, गर्मी लगने, बुखार एक दिन छोड़कर दूसरे दिन आने, उल्टी दस्त होने, शरीर में कमजोरी आने पर मरीज को तुरन्त अपने आसपास के स्वास्थ्य केंद्र या स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पास ले जाकर खून की जांच करवाने के उपरांत ही इलाज लेना चाहिए। जिस तरह पिछले सालो में डेंगू के डंक ने लोगों को सताया था, उससे सावधान रहते हुए सभी लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जागरूकता व अपने घर व आसपास सफाई रखने से ही बीमारियों पर काबू पाया जा सकता है।

### अभियान में ये रहे शामिल

अभियान में मुख्य रूप से स्वास्थ्यकर्मी विनोद, देवेंद्र, ओमप्रकाश, दिनेश, गुरनाम, अमरजीत, राजरानी, सीता देवी, पूनम, दर्शना, अंजू, सुमन, राधा, उर्मिला, सविता, अश्मीना, सोनिया, शीला, मंजू, मुकेश, नीलम, रानी, मुकेश कुमारी, आरती, सोनिया आदि शामिल रहे।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

# मजदूरों को बंधवा बनाकर नहीं लें काम : एसडीएम

- मजदूरी चौकसी समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय मजदूरी चौकसी समिति की बैठक संपन्न हुई। एसडीएम कार्यालय में मंगलवार को बुलाई गई इस बैठक में एसडीएम जगदीश चंद्र ने निर्देश दिए कि मजदूर एवं श्रमिकों के हित एवं अधिकार हर लिहाज से सुरक्षित रहने चाहिए। एसडीएम ने कहा कि निजी प्रतिष्ठानोंए संस्थानों तथा इत्यादि पर काम करने वाले मजदूरों एवं श्रमिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बराबर लाभ मिले यह भी भट्ठा मालिकों एवं अन्य संस्थानों के मालिकों को सुनिश्चित करना चाहिए। भट्ठे सहित किसी भी संस्थान पर कार्यरत श्रमिकों का समय निर्धारित हो, समयण-समय पर स्वास्थ्य जांच हो, साथ ही मजदूरों को बंधुआ बनाकर काम ना लिया जाए। सभी नियमों की पालना भी जरूरी है। भट्ठों पर श्रमिकों के रहने के लिए शौचालय सहित मकान तथा समुचित पेयजल व बिजली आपूर्ति सुनिश्चित रहनी चाहिए। भट्ठा मालिकों को यह भी निर्देश दिए कि श्रमिकों के बच्चों को सभी तरह के टीकाकरण का लाभ मिले और बाल श्रमिक से बिल्कुल मजदूरी न कराई जाए। इस संबंध में सभी संस्थानों विशेष कर भ_ों पर श्रमिक अधिकार जागरूकता बैनरों को दूरभाष नम्बर सहित चस्पा किया जाना चाहिए ताकि कोई भी श्रमिक अनियमितता होने पर प्रशासन को सूचित कर सके। एसडीएम ने यह भी स्पष्ट हिदायत दी की सभी भट्ठों एवं अन्य संस्थान मालिक श्रमिकों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन देना सुनिश्चित रखें। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों का बीमा भी करवाएं। भट्ठा मालिक श्रमिकों का बीमा करवाना सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी अवांछित स्थिति में श्रमिक व उसके परिवार को सरकारी व बीमा योजनाओं का लाभ मिल सके।

# शिक्षा भारती स्कूल की छात्रा काफी ने नीट में 9737 रैंक हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

- रोजाना आठ से 10 घंटे की पढ़ाई से पाई सफलता

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना की मेधावी छात्रा काफी सुपुत्री राममेहर ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे स्कूल और शहर का गौरव बढ़ाया है। काफी ने 720 में से 530 अंक प्राप्त किए जिनमें फिजिक्स विषय में 99.11ः केमिस्ट्री में 99.32ः बायोलॉजी में 94.99ः और सभी विषयों के कुल अंक 98.89ः प्राप्त कर जनरल कैटेगरी में 9737 रैंक हासिल करके इस प्रतिष्ठित परीक्षा को सफलतापूर्वक पास किया है। काफी ने अपनी सफलता के लिए निरंतर अध्ययन और कड़ी मेहनत को है। उन्होंने बताया कि उन्होंने रोजाना 8 से 10 घंटे की पढ़ाई के साथ.साथ नियमित मॉक टेस्ट और रिवीजन पर विशेष ध्यान दिया। उनका लक्ष्य मेडिकल की पढ़ाई करके समाज की सेवा करना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा ने काफी की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि काफी हमेशा से एक मेधावी और अनुशासित छात्रा रही है।



नरवाना। छात्र को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सूरज रेढू को हरियाणा युवा कांग्रेस का प्रदेश महासचिव चुना गया

जींद। हरियाणा में कांग्रेस ने जिलाध्यक्षों की नियुक्ति से पहले युवा कांग्रेस की नई प्रदेश और जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। सोमवार देर रात को कांग्रेस ने इसकी सूची जारी की। सूची के अनुसार सूरज रेढू को हरियाणा युवा कांग्रेस का प्रदेश महासचिव चुना गया। हरियाणा यूथ कांग्रेस के लिए 2024 में आवेदन मांगे गए थे। 20 दिसंबर 2024 तक आवेदन किए गए थे। 16 जनवरी तक मेंबरशिप बनाई गई थी। कांग्रेस की तरफ से 19 मई को आवेदनों की छंटनी की गई। इसका परिणाम 16 जून को जारी किया गया।



# मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन हेल्थ मंत्री से मिली, मांगें पूरी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा हैल्थ मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने माननीय स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा सरकार से मुलाकात की। इस मुलाकात में एसोसिएशन के राज्य प्रधान अमित बुरा, चेयरमैन सुनीता कालीरामण, वरिष्ठ उपप्रधान सतीश यादव, नरेन्द्र अरोड़ा अधीक्षक व राजेश कालीरामण उपस्थित रहे। एसोसिएशन ने स्वास्थ्य विभाग के मिनिस्ट्रियल स्टाफ की विभिन्न समस्याओं और मांगों जैसे डायरेक्टर ऑफिस द्वारा एसोसिएशन को मिलने का समय नहीं देने, अधीक्षक पे स्केल दुरुस्त करने, विभिन्न संस्थाओं में नए पद स्वीकृत करने, एफ डब्ल्यू में स्वीकृत पदों के बजट हेल्थ मंत्री ने सभी मुद्दों पर सकारात्मक रुख अपनाया व एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना। मांगों पर विस्तृत चर्चा और समाधान के लिए डायरेक्टर जनरल हेल्थ को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही, डीजी हेल्थ के साथ शीघ्र ही एक बैठक आयोजित करने का आश्वासन दिया।



कैथल। डीजी हेल्थ के साथ बातचीत करते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि



जींद। डिप्टी स्पीकर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते हितेश हिंदुस्तानी।

## पोल्ट्री व्यवसायी के साथ ज्यादती पर टीम अन्ना जींद ने सौंपा ज्ञापन

- उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजन चिल्लाना ने उच्च स्तरीय जांच का दिया आश्वासन

जींद। जिले में पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े व्यापारी इंद्रजीत लूथरा के साथ हुई प्रशासनिक ज्यादती और विभागीय लापरवाही के विरोध में मंगलवार को अन्ना टीम ने हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रतिनिधि राजन चिल्लाना को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन अन्ना टीम के संयोजक हितेश हिंदुस्तानी के नेतृत्व में सौंपा गया। जिसमें घटना की उच्च स्तरीय जांच, जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और विभागीय अभिरक्षा में हुए नुकसान की भरपाई की मांग प्रमुख रूप से की गई। नौ जून 2025 को जींद स्थित भावना फीड मिल पर 42 टन सोया से लदे ट्रक को, जो कि सभी वैध कागजातों जैसे ई-वे बिलए चालान व जीएसटी दस्तावेजों के साथ माल डिस्चार्ज कर रहा था। सहायक ईटीओ राजेश गुप्ता द्वारा न केवल रोक दिया, बल्कि 1.5 लाख की मनमानी पेनल्टी लगाकर ट्रक को जबरन एक निजी स्थान पर ले जाकर खड़ा करवा दिया गया। जोवेश लूथरा के साथ गाली गलौज, धमकी व शारीरिक दुव्र्यवहार तक किया गया। इसके बाद ट्रक को पांच दिन तक विभागीय अभिरक्षा में बिना किसी सुरक्षा या निगरानी के रखा गया।

# लुदाना की अंशु बनी महिला कबड्डी खिलाड़ियों के लिए आइकॉन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

- अंशु और बहन माफी कबड्डी खेल में कर रही बुलंदियां हासिल



गांव लुदाना की कबड्डी खिलाड़ी 22 वर्षीय अंशु मोर ग्रामीण क्षेत्र की महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी हुई है। 15 साल की उम्र में अंशु मोर ने महारानी लक्ष्मीबाई कन्या खेल अकेडमी लुदान में कबड्डी का अभ्यास शुरू किया था। खेल में बेहतर प्रदर्शन के दम पर ही अंशु मोर ने रेलवे में टीटी के पद पर नौकरी पाई है। अंशु मोर के पिता सतपाल मोर किसान हैं और मां सुदेश गृहणी है। अशु की दो और बड़ी बहन और एक भाई भी है। बड़ी बहन स्वाती है। जिसकी शादी हो चुकी है। वहीं इसके बाद बहन माफी है, जो कबड्डी खेलती है। माफी भी राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी खेलती है। वहीं भाई अंकुश मोर हैए जो आईटीआई में पढ़ता है। महारानी लक्ष्मीबाई कन्या खेल अकेडमी के कोच हरपाल सिंह और जगबीर सिंह भंभेवा ने कहा कि अंशु मोर ने नेशनल गेम्स में सिल्वर, दो बार गोल्ड मेडल भी जीता है। इसके अलावा जूनियर नेशनल गेम्स में हरियाणा का कप्तान के तौर पर प्रतिनिधित्व भी किया है।

## मेले में अलग-अलग 13 कंपनियों ने भाग लिया

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले में 311 विद्यार्थियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल में प्रधान मंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन आईटीआइ की इंस्टीट्यूट मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन नरिन्द्र मिगलानी ने किया। उन्होंने सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों से बातचीत की तथा अधिक से अधिक बच्चों को रोजगार देने की अपील की। मेले में 13 कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें मैसर्ज डेंसो हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड, हीरो मोटो कॉर्प दरूहेड़ा, बंसल वायर्स नोएडा, गेट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अंबाला, स्वराज इंजन लिमिटेड मोहाली आदि शामिल हैं। इस मेले में कुल 620 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 311 छात्रों का चयन किया गया। बंसल वायर्स नोएडा ने 59 छात्रों को मौके पर ही ऑफर लेटर दिया, जबकि हीरो मोटो कॉर्प रेवाड़ी ने 50 छात्रों का चयन किया और डेंसो हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड ने 25, स्वराज और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 58 छात्रों का चयन किया। इस मेले के माध्यम से छात्रों को उद्योगों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने और अपनी कौशल क्षमता बढ़ाने का अवसर मिला। हमें उम्मीद है कि इस मेले से युवाओं को अपने करियर में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी और वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होंगे।



कैथल। युवाओं का साक्षात्कार लेते अधिकारी तथा कैंपस में चयनित विद्यार्थी के साथ पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### उमड़ी भीड़

जैसे ही प्रधानमंत्री मेले के बारे में सूचना मिली तो न केवल कैथल बल्कि दूसरे जिलों से भी सैकड़ों विद्यार्थी भाग लेने के लिए पहुंचे।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर उद्योग जगत के प्रतिनिधि, प्राचार्य सतीश मच्छाल, अधीक्षक सोहन लाल, प्लेसमेंट अधिकारी अनिल ढुल और सरकारी आईटीआई के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। इस मेले का उद्देश्य युवाओं को उद्योगों में अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करना और उन्हें व्यावसायिक कौशल प्रदान करना है।